**आरोप** अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद नहीं हो रही ठोस कार्रवाई

# सरकारी गोदामों में जमा हो रहा पुराना चावल !

**नवभारत,जबलपुर।** जिले के सरकारी और अनुबंधित गोदामों में लगभग 8 लाख क्विंटल चावल जमा है, जिसमें बड़ी मात्रा में निम्न गुणवत्ता वाला और पुराना चावल शामिल होने की खबर सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राइस मिलों द्वारा नई धान उठाई जाती है, लेकिन इसके बदले पुराना चावल गोदामों में जमा कर दिया जाता है। अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगर प्रदेश स्तरीय संयुक्त जांच होती है तो जिले में चल रहे कथित खेल का सच सामने आ सकता है और भविष्य में गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सकता है।






### अधिकांश गोदामों में नहीं हो रही नियमित सैंपलिंग

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच में पता चला कि एज टेस्ट और अन्य गुणवत्ता परीक्षण सही ढंग से नहीं किए जा रहे हैं। अधिकांश गोदामों में नियमित सैंपलिंग तक नहीं की जा रही है, केवल कुछ जगहों पर खानापूर्ति के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। ऐसे में निष्पक्ष जांच से जिले में जमा 70 प्रतिशत से अधिक चावल पुराना होने की संभावना जताई जा रही है।

### रिपोर्ट में दिखाया जा रहा नया चावल

सूत्रों ने बताया कि नागरिक आपूर्ति निगम के अनुबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि मिलर केवल वही धान उठा सकते हैं जिसका चावल जमा किया जाएगा। पुराने चावल या बाजार से खरीदे गए चावल को जमा करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जानकारी के अनुसार गुणवत्ता जांच के लिए निगम अधिकृत कंपनी को एज टेस्ट करने का निर्देश देती है। इसके लिए विशेष केमिकल उपलब्ध कराया जाता है, जिससे चावल के रंग से उसका नया या पुराना होना तय किया जाता है। नया चावल एफेरेडो ग्रीन रंग दिखाता है, और पुराना चावल रंग नहीं बदलता है।

### मांडवा बस्ती में बदमाशों का उपद्रव

**जबलपुर।** गोरखपुर अंतर्गत मांडवा बस्ती में शराब के लिए रुपए न देने पर बदमाशों ने एक युवक और उसे बचाने आए उसके साथी की बेरहमी से पिटाई कर दी और घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मांडवा बस्ती निवासी 23 वर्षीय मोहम्मद अब्राहम शाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर लगभग 3:55 बजे क्षेत्र का बदमाश करण दाहिया अपने एक अन्य साथी के साथ उसके घर पहुंचा। अब्राहम पर हमला कर दिया सोनू उसे बचाने दौड़ा तो उसके साथ मारपीट कर दो वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।

## नाला चोक, गंदा पानी लोगों के लिए बना मुसीबत का सबब



**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी रोड चुंगी नाका मोड़ से आगे एवं करमेता वार्ड नं 73 परशुराम राम वार्ड अंतर्गत खटवानी कार शोरूम के बाजू में मुख्य सड़क का नाला चोक हो गया है जिस कारण स्थानीय दुकानों, ऑफिसों में नाले का गंदा पानी भरने लगा है। आलम ये है कि सड़क में भी पसरे नाले के गंदे पानी के बीच से लोगों को होकर गुजरना पड़ रहा है।

इस संबंध में आस्वाद टोले ,आशीष ताम्रकार, मनोज पाठक, आशीष पटेरिया ,हितेश दहिया राहुल अहिरवार विजय ठाकुर आदि ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि नाला की सफाई की जाए और बड़ी जनसमस्या को दूर किया जाए। मामले में स्वास्थ्य अधिकारी ने नवभारत से कहा है कि जल्द ही मौके पर अमले को भेजकर नाले की सफाई कराई जाएगी जिसके बाद क्षेत्र में गंदा पानी नहीं प्रवेश करेगा।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। करमेता वार्ड नं 73 परशुराम राम वार्ड अंतर्गत खटवानी कार शोरूम के बाजू में अगर नाला चोक है तो निगम के स्वच्छता अमले को भेजकर जल्द सुधार कार्य कराया जाएगा और स्थानीय लोगों को राहत दी जाएगी।

**अंकिता बर्मन**
**स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम जबलपुर**

## चाकूबाजों ने बहाया लहू : युवक की हत्या, तीन घायल



**जबलपुर।** शहर की सड़कों पर चाकूबाजों ने जमकर लहू बहाया। गोराबाजार में चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी गई तो वहीं विजय नगर, लार्डगंज, मदनमहल में जमकर चाकूबाजी में तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने चारों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गोराबाजार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा उइके टेमर भीटा से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी साजन झारिया उसे मिला। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच मेले में मिठाई खाने की बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ा कि साजन ने आपा खो दिया और कृष्णा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कृष्णा के सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म आए। लहूलुहान हालत में उसे तुरंत विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गोराबाजार पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

विजय नगर पुलिस ने बताया कि लक्ष्मीपुर निवासी 55 वर्षीय खेमराज उर्फ पिंटू पटेल पेशे से कान्ट्रेक्टर हैं, मंगलवार रात करीब 10 बजे अपने पुराने घर भूमि तलैया बड़ा फुहारा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर नए घर लक्ष्मीपुर जा रहा था जब वे सनातन चौक के पास पहुंचा तभी तीन अज्ञात व्यक्तियों को बैठकर शराब पीते देखा तो उसने मना किया जिससे लेकर विवाद हुआ इसके बाद तीनों ने मिलकर मारपीट कर दी जिनमें से एक ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी । इसी प्रकार लार्डगंज थाने में फरीद अहमद 47 वर्ष निवासी नानक नगर मानेगांव रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर लगभग 1.30 बजे पिन्टू महाराज उसकी लार्डगंज स्थित दुकान पर आया और 500 रूपए मांगने लगा मना करने पर चाकू से हमला कर हमला कर उसे चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार मदनमहल थाने में प्रथम ठाकुर 15 वर्ष निवासी मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोला उर्फ शुभम ने उस पर चाकू से हमला किया है। बीच बचाव के दौरान चाकू संतोष के जांघ में लग गई।

## बिना चार्जशीट सेवामुक्त करने पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

**अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने ग्राम पंचायत टिकुरी की सरपंच को बिना चार्जशीट दिए सेवामुक्त करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। एकलपीठ ने जिला पंचायत जबलपुर, जनपद पंचायत मंझौली सीईओं और एसडीओ सिहोरा को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

दरअसल याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सीता देवी चौकसे की ओर से दलील दी गई कि आर्थिक अनियमित्ता के आरोप में जिला पंचायत सीईओं ने तीन फरवरी को याचिकाकर्ता सरपंच को सेवा से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया। दलील दी गई कि उक्त आदेश जारी करने से पहले पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 में दिए प्राविधानों का पालन नहीं किया गया। याचिकाकर्ता को कोई चार्जशीट नहीं दी गई और केवल कारण बताओं नोटिस के आधार पर सीधे सेवामुक्त कर दिया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।





म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.




## 9 करदाताओं के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**कछपुरा, अधारताल और रांझी संभाग में चलाया गया अभियान**

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत जिन करदाताओं के द्वारा बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाया करों की राशि जमा नहीं की जा रही है, उन सभी करदाताओं के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। संभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम की राजस्व टीम ने संभाग स्तरीय सदस्यों के सहयोग से कछपुरा, अधारताल और रांझी संभागों में प्रभावी कार्यवाही की। जिसमें संभाग क्रमांक 02 कछपुरा अंतर्गत रानीदुर्गवती वार्ड सरदार जगत सिंग बकाया राशि 61 हजार 73 रूपये होने पर संभागीय अधिकारी राजस्व निरक्षक ऋषि कुशरे एवं शत्रुंजय आरख ,करसंग्रहता विनोद धुर्वे ,गिरीश कश्यप ,शैलेष कुमार सेन के द्वारा तालाबंदी की कार्यवाही की गई। वहीं संभाग क्रमांक 7 अधारताल के अंतर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड में हमीदा बानो के भवन पर 31 हजार 3 सौ 92 रूपयें, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत सुनील विश्वकर्मा के भवन पर 73 हजार 1 सौ 22, दीवान आधार सिंह वार्ड के अंतर्गत किरण विश्वकर्मा, ईशांत विश्वकर्मा के भवन पर 63 हजार 7 सौ 75 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्यवाही हेतु नोटिस चस्पा किया गया।

### इनकी संपत्ति पर किया गया नोटिस चस्पा

संभाग 10 रांझी अंबेडकर वार्ड में करदाता कामना मुखिया की सम्पत्ति पर राशि 41 हजार 5 सौ 15 रुपये एवं कमलजीत लांबा पर राशि 52 हजार 2 सौ 87 रूपये तथा चंद्रशेखर आजाद वार्ड में करदाता जसवंत सिंह पर राशि 54 हजार 8 सौ 94 रुपये, कमलेश दुआ सुनील दुआ पर राशि 56 हजार 5 सौ 40 रूपये तथा मंजीत सिंह पर राशि 66 हजार 4 सौ 29 रूपये बकाया होने पर 3 दिवस की अंतिम सूचना पोस्टर चस्पा किया गया एवं इसके बाद कुर्की एवं नल कटिंग की कार्यवाही की जाएगी।


